मत्स्य पालक की सफलता की कहानी

समिति का नाम– चॉजी मत्स्य जीवी सहकारी समिति

ग्राम– चॉजी, विकास खण्ड– भिलगंना, जनपद– टिहरी गढ़वाल

जनपद मुख्यालय से लगभग 98 कि0मी0 दूर, घनसाली –चांजी मार्ग पर स्थित ग्राम –चांजी गांव में चांजी मत्स्य जीवी सहकारी समिति, द्वारा जनपद मे सर्वश्रेष्ठ ट्राउट मत्स्य पालन किया जा रहा हैं। चांजी मत्स्य जीवी सहकारी समिति ने मत्स्य विभाग से संचालित ब्लू रिवोल्यूशन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019–20 में 08 यूनिट ट्राउट रेसवेजों का निर्माण योजनान्तर्गत अनुदान सहायता लेकर किया गया है। विभाग द्वारा समिति को ट्राउट मत्स्य पालन की तकनीकी व मत्स्य पालन सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। समिति द्वारा अपने रेसवेजों में विभाग के सहयोग से ट्राउट मत्स्य प्रजाति का संचय किया गया, ब्लू रिवोल्यूशन योजनान्तर्गत चांजी मत्स्य जीवी सहकारी समिति के द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 में लगभग 10 से 12 कुन्तल ट्राउट मत्स्य उत्पादन किया गया, समिति द्वारा मत्स्य पालन व्यवसाय के साथ–साथ कृषि, उद्यान, आदि का कार्य भी वर्तमान में किया जा रहा है। जिनसे समिति मे कार्यरत कृषकों की आय दुगनी हुई है, जिससे उक्त कृषको को प्राप्त स्वरोजगार से उनकी पारिवरिक स्थिति भी सृदृढ़ हुई है।

निर्मित रेसवेज